बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–27.10.2024

पटना जिला में हत्या की योजना विफल, पांडव गैंग का सक्रिय सदस्य विवेक राज एवं उसका सहयोगी अमरीश कुमार एवं मनोज मानिक गैंग का सक्रिय सदस्य विपुल कुमार अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

- दिनांक 26.10.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम द्वारा पटना जिला के संजय सिंह गैंग (पांडव गैंग) का सक्रिय सदस्य अपराधकर्मी 01. विवेक राज पे0 बब्लु शर्मा सा0 भीमपुरा थाना मसौढ़ी जिला पटना 02. अमरीश कुमार पे0 सुनिल शर्मा सा0 जिनपुरा थाना बिहटा जिला पटना एवं मनोज मानिक गैंग का सदस्य 03. विपुल कुमार पे0 हरेकृष्ण सिंह सा0 थाना जिला पटना को बिहटा (पटना) थाना क्षेत्र से छापामारी कर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बिहटा थाना कांड सं0 998/24 दिनांक 27.10.2024 धारा 25(1–बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।
- बरामदगी –
  1. पिस्टल –01
  2. देशी पिस्टल –01
  3. जिन्दा कारतूस –05
  4. मोबाईल –03
  5. मोटरसाईकिल –01

- उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अपराधी विवेक राज एवं उसके सहयोगी द्वारा मनोज मानिक गैंग के सदस्यों की हत्या की योजना बनाई जा रही थी। एस0टी0एफ0 की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विवेक राज एवं अमरीश कुमार की गिरफ्तारी की गई। इनसे पूछताछ के क्रम में पता चला कि मनोज मानिक गैंग के विपुल कुमार के द्वारा भी किसी की हत्या की योजना बनाई जा रही थी।
- गिरफ्तार अपराधी विवेक राज एवं विपुल कुमार के विरूद्ध पटना जिला के विभिन्न थानों में रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज है।

STF